तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026


12 जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 ...




12 सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोंडागांव के नवीन भवन...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### करपावण्ड थाना परिसर में राष्ट्रध्वज का हुआ अपमान

**जगदलपुर।** करपावण्ड थाना परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को उल्टा फहराकर सलामी दे दी गई।



थाना परिसर में तिरंगे का अपमान किया गया। जानकारी के मुताबिक करपावण्ड थाना परिसर में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने के लिए पूरे परिसर में तोरण व झालर लगाकर कर आकर्षक सजावट की गई थी। लेकिन ध्वजारोहण के दौरान तिरंगें को उल्टा ही फहरा दिया गया। काफी देर तक इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया लेकिन जब ध्यान गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। फोटो वायरल होते ही करपावण्ड पुलिस का ध्यान भी इस ओर गया और आननफानन में पुनः ध्वज को उतारकर सीधा किया गया। एएसपी बस्तर माहेश्वर नाग ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगे को उल्टा फहराने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में थानेदार बसंत खलखो से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनके जवाब आने के बाद जो भी मामले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शहीद जवानों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

# उपमुख्यमंत्री ने लालबाग मैदान में ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर में गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लालबाग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पुलिस बल, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, नगर सेना, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड्स आदि की 14 टुकड़ियों के द्वारा सलामी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर हर्ष और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। बस्तर जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई



और विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति, उत्कृष्ट परेड और झांकी के विजेताओं को पुरस्कृत किए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, कमिश्नर ▶▶| शेष पेज 12 पर




### झांकी में दिखी साइबर सुरक्षित बस्तर की झलक

**जगदलपुर।** लालबाग मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में शासकीय विभागों द्वारा रंग-बिरंगी झांकियां निकाली गई। जिन्होंने बस्तर की लोक-संस्कृति, आधुनिक तकनीक और विकासात्मक योजनाओं का सजीव चित्रण किया। इस वर्ष झांकी में पुलिस विभाग ने अपनी समसामयिक और जागरूकता-परक प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुलिस विभाग की झांकी साइबर सुरक्षित रहेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर की थीम पर केंद्रित थी, जिसमें आज के डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन अपराधों के प्रति नागरिकों को सचेत किया गया। इसमें ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पुरानी मांगों को लेकर बैंकों में रही तालाबंदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आमजन को हुई परेशानी हड़ताल का व्यापक असर

पुरानी लंबित मांगों को लेकर आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के चलते सार्वजनिक क्षेत्र के लगभग सभी प्रमुख बैंकों में तालाबंदी की स्थिति रही। जिससे बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं। भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य सरकारी बैंकों में कोई भी कार्य नहीं हो सका। हालांकि निजी क्षेत्र के कुछ बैंक रोज की तरह खुले रहे और वहां लेन-देन की प्रक्रिया सामान्य रूप से चलती रही। लेकिन सार्वजनिक बैंकों पर निर्भर बड़ी आबादी के लिए यह राहत नाकाफी ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### आमजन की बढ़ी मुसीबतें

बैंक हड़ताल के चलते लोगों को नकद संकट का सामना करना पड़ा। दैनिक जरूरतों के लिए पैसा निकालना मुश्किल हो गया। व्यापारियों के भुगतान अटक गए, किसानों के लेन-देन प्रभावित हुए। दूर-दराज से आए ग्राहकों का समय और खर्च दोनों व्यर्थ गया।







## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय 'बस्तर पंडुम 2026' का आयोजन आज और कल

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए 'बस्तर पंडुम' के अंतर्गत जिला स्तरीय 'बस्तर पंडुम 2026' का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी को स्थानीय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिन 28 जनवरी को जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय वाद्ययंत्र, जनजातीय वेशभूषा, जनजातीय आभूषण एवं जनजातीय वन औषधि का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे दिन 29 जनवरी को जनजातीय नाट्य, जनजातीय चित्रकला, जनजातीय पेय पदार्थ, जनजातीय व्यंजन, जनजातीय शिल्पकला एवं बस्तर आंचलिक साहित्य का प्रदर्शन किया जाएगा। बस्तर की जनजातीय कला और संस्कृति पर आधारित कुल 12 विधाओं में विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम से चयनित 536 विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय आयोजन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### कलेक्टोरेट परिसर में फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**कोण्डागांव।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संविधान के मूल्यों, लोकतंत्र एवं राष्ट्र सेवा के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी तथा स्कूली छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### डॉ. अंबेडकर प्रतिमा परिसर में लहराया तिरंगा



**कोण्डागांव।** जिला मुख्यालय स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की विशाल प्रतिमा परिसर, जिला सत्र न्यायालय के सामने, सर्व समाज के तत्वावधान में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धंसराज टंडन, अध्यक्ष सर्व समाज द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की गरिमामय शुरुआत हुई। इस अवसर पर सर्व समाज के समाज प्रमुखों ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, और इसी ऐतिहासिक दिन को देशभर में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान की बदौलत ही आज देश का संचालन हो रहा है और नागरिकों को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुए हैं।कार्यक्रम में सर्व समाज के संरक्षक एम.डी. बघेल सहित समाज प्रमुख सी.एल. मेश्राम, वीरेंद्र बघेल, सानू मारकंडे, तरुण नाग, पी.एल. ठावरे, चौहान जी, उमेश मेश्राम, विशाल बंजारे, श्रीमती साधना लोन्हारे, श्रीमती सुषमा खोबरागड़े पार्षद, साधुराम पाटिल, नरेंद्र रामटेक, मन्नू सोनपिपरे, श्याम सुंदर मेश्राम, राकेश वासनिकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धंसराज टंडन, अध्यक्ष सर्व समाज द्वारा दी गई।

### सड़क हादसे में बाइक सवार मामा -भांजे की हुई मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़े ठेमली रोड में जंगल के पास मंगलवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार मामा भांजे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़े ठेमली ओगलाडिही निवासी कमलेश नेताम पिता मानसिंह नेताम और उसका भांजा लोकेश मंडावी पिता देवलाल मंडावी यह दोनों बाइक में सवार थे। जो बड़ेठेमली गांव के जंगल मे पास रोड किनारे गड्ढे में बाइक के साथ गिर गए । हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित किया। फरसगांव थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच विवेचना कर रही है।

**राष्ट्रीय पर्व:** आन- बान- शान से लहराया तिरंगा, शहीदों के परिजन का सम्मान

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोण्डागांव

जिले में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिला मुख्यालय के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्य समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इसके पश्चात उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह के दौरान तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे आसमान में छोड़े गए, जो उत्साह और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बने। इस अवसर पर अर्द्धसैनिक बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना, साथ ही एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों ने अनुशासन एवं देशसेवा की भावना के साथ आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधायक सुश्री लता उसेंडी ने सभी जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, सेकेंड इन कमांडर एएसआई दिनेश डहरिया, आईटीबीपी की विभिन्न बटालियनों, जिला पुलिस, नगर सेना, एनसीसी एवं एनएसएस प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया गया। इसके पश्चात शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया। समारोह में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, डीएफओ चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

■ विकास नगर स्टेडियम में आयोजित हुआ मुख्य समारोह






### उम्मीद संस्था में सेवानिवृत शिक्षक ने फहराया तिरंगा

**फरसगांव।** मुख्यालय में 77 वाँ गणतंत्र दिवस पर्व को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही फरसगांव नगर में भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्यों ने केवी जनरल स्टोर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया ध्वजारोहण सेवानृवित्त शिक्षक बी एस भास्कर जो वर्तमान में नगर के आदर्श स्कूल में कई वर्ष से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं, उन्हें मुख्यातिथि के रूप में संस्था के सदस्यों ने बुलाया और उनके हाथों से तिरंगा झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस को मनाया गया। जिसके बाद फिरोज मेमन ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर तीन रंग के गुब्बारों को आसमान में छोड़ा गया। इस मौके पर फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशान्त पात्र, सीएमओ मयंक बसन्तवानी ,थाना प्रभारी विकासचन्द राय, वरिष्ठ भाजपाई प्रवीर सिंह बदेशा, दीपेंद्र मसीह, पार्षद संगीता राव, नरेंद्र गौर, प्रवीण राव, प्रवीण पांडे, गायता, पुजारी, उम्मीद सामाजिक संस्था के मो.फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, राम कुमार भारद्वाज, हरीश साहू, भरत भारद्वाज, कमलदेव साहू, चंदन नाईक, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि नगरवासी उपस्तिथ रहे ।





### डा. हिमांशु व डा.धनराज का सम्मान

**नारायणपुर।** जिले के हाईस्कूल मैदान में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला अस्पताल नारायणपुर के चिकित्सक डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह दरसेना को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान सांसद महेश कश्यप द्वारा कलेक्टर सुश्री नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह सम्मान पिछले दो वर्षों में जिले में चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और असाधारण कार्यों के लिए दिया गया। डॉ. हिमांशु सिन्हा एवं डॉ. धनराज सिंह दरसेना ने जिला नारायणपुर में कई जटिल एवं दुर्लभ मामलों में सफल उपचार कर जिले को चिकित्सा क्षेत्र में नई पहचान दिलाई। इनमें प्रमुख रूप से भारत का तीसरा एवं छत्तीसगढ़ का पहला दुर्लभ "क्यूटेनियस नोकार्डिया इंफेक्शन" का सफल निदान एवं उपचार। हृदय गति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) की स्थिति में समय पर सीपीआर देकर मरीज की जान बचाना, दुनिया में एक मिलियन में एक पाए जाने वाले दुर्लभ रोग "इंसुलिनोमा" का सफल उपचार। आपातकालीन परिस्थितियों में सदैव तत्पर रहकर मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार प्रदान करना शामिल है।



### देवांगन समाज भवन शान से में लहराया तिरंगा

**कोण्डागांव।** जिला देवांगन समाज ने महात्मा गांधी वार्ड स्थित समाज भवन में सामाजिकजनों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश देवांगन ने ध्वज फहराया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष ने समाज के अधिक से अधिक लोगों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला सहसचिव मिथलेश देवांगन, जिला संरक्षक कुबेर देवांगन, मनीशकर देवांगन, जिला सलाहकार कमल देवांगन, डोंगरीपारा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र देवांगन, रोजगारी पारा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र देवांगन, जागेश्वर देवांगन, सोहन देवांगन, फते देवांगन, कौमिता देवांगन, कुसुम देवांगन आदि शामिल रहे।



### गणतंत्र दिवस समारोह में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों का सम्मान

**कोण्डागांव।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य राकेश धीवर एवं ढालेश साहू को समाजसेवा एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सम्मानित पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

### खेतों से राजधानी के कार्यालय तक लहराया तिरंगा

**कोण्डागांव।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सभी प्रतिष्ठानों में देशभक्ति के वातावरण के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समूह के अंतर्गत संचालित खेतों, हर्बल प्रसंस्करण इकाइयों, स्थानीय कार्यालयों तथा राजधानी स्थित कार्यालय में एक साथ तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में किसान, कर्मचारी, श्रमिक, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक सहित सैकड़ों लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरे परिसर गूंज उठे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने, देश के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन तथा स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।




### 188 वीं बटालियन सीआरपीएफ में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

**कोण्डागांव।** सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन ने 26 जनवरी को मुख्यालय चिकलपुटटी कोंडागांव के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात कमांडेंट भवेश चौधरी ने जवानों एवं उनके परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में कमांडेंट ने बताया कि इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ के बहादुर अधिकारियों एवं जवानों को कुल 75 पदकों से सम्मानित किया गया है, जिनमें 01 शौर्य चक्र, 12 वीरता पदक, 05 असाधारण सेवा पदक, 57 सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक शामिल हैं। कमांडेंट ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए अनेक क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया, जिसके फलस्वरूप आज हम संविधान के तहत 77वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान, देश की एकता और अखंडता की रक्षा में सुरक्षा बलों का अहम योगदान है, चाहे वह अंतरराष्ट्रीय सीमा हो या आंतरिक सुरक्षा। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी को भी सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गार्ड एवं उपस्थित जवानों को मिठाई वितरित की गई। यह वितरण कमांडेंट भवेश चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा एवं सहायक कमांडेंट ओ.पी. विश्नोई द्वारा किया गया। अंत में वाहिनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा सभी जवानों ने देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।



### गणतंत्र दिवस पर स्टेडियम में आनंद मेले का शुभारंभ

**केशकाल!** परम्परानुसार इस वर्ष क्रिकेट स्टेडियम सुरडोंगर में शाम 5 बजे से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भव्य आनंद मेला 2026 का विधिवत शुरूवात हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने शिप्रा ऐजुकेशनल सोसायटी द्वारा संविधान से संबधित प्रदर्शनी में लगाए गए चित्रों का अवलोकन किया। विभिन्न विद्यालय के बच्चे क्रमशः देविका यादव, संतोषी रिमिस्क डांस, नेहा तातेड एकल गायन म हा वि द्या ल य केशकाल, दीपाली बीना आईटीआई, मनीषा मंडावी, शबनम सलाम, राकेश्वरी, कृतिका, रामेश्वरी, गौरी, सना, काजल, लकेश्वरी, पायल नटिया, रेशमी व तनू सुरडोंगर, निशिका यादव,असि मंडावी, महक ध्रुव, शिप्रा विद्यालय केशकाल आदि विद्यालय की सभी प्रस्तुति शानदार रही। स्वागत भाषण देकर भूपेश चंद्राकर ने कहा कि मात्र दो दिवस की तैयारी मे यह आयोजन सबके सहयोग से सफल रहा। उन्होंने सबका आभार माना। मुख्य अतिथि की आसन्दी से विधायक ने कहा कि शताब्दी वर्ष मे केशकाल को बाय पास रोड, केशकाल नगर की सड़क. भारत माला, तीन स्थानों पर स्टेडियम आदि की सौगात मिल जाएगी। नए पुराने गीतो, देशभक्ति गीतों के क्रम मे भूपेश चंद्राकर, योगेश सिन्हा, एस पी उपाध्यय, सीमा सरकार, प्रतिभा ठाकुर, सुप्रिया अवधिया आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नवदीप सोनी भूपेश चंद्राकर राज किशोर राठी आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी,सुदर्शन कुंजाम, महेश तारम,मनसुख लाल भूरट, राजा गोयल,मनीष राठी, कृष्ण दत्त उपाध्याय, खिलेश्वर शोरी, पीला बाई जैन, कमला नेताम, जमुना बघेल, सपना जैनकामिनी गायकवाड़ आदि की रही। संचालन लोकेश गायकवाड़ व आभार प्रदर्शन राजकिशोर राठी ने किया।



### छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक और देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां




**कोण्डागांव।** गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा व्यायाम प्रदर्शन एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और विविध भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, कोण्डागांव द्वारा महिला क्रिकेट टीम की वर्ल्डकप जीत पर आधारित प्रस्तुति को प्रथम पुरस्कार, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जामकोट पारा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति को द्वितीय पुरस्कार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोण्डागांव द्वारा लोकगीत की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। परेड प्रदर्शन में आईटीबीपी 29वीं बटालियन को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरुष को द्वितीय, नगर सेना महिला को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जूनियर वर्ग में एनसीसी–एनएसएस कैडेटों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। जूनियर वर्ग में एनसीसी बालक ने प्रथम, एनसीसी बालिका ने द्वितीय, एनएसएस बालक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु चिकित्सा, कृषि, उद्यानिकी, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत, क्रेडा एवं यातायात विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इन झांकियों में शिक्षा विभाग को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**जीवन में अनुशासन और सतत सीखना रखें जारी: साव**

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोंडागांव के नवीन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोण्डागांव

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोंडागांव के नवीन भवन का लोकार्पण एक भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन और सतत सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। सुश्री लता उसेंडी, विधायक कोंडागांव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अन्य महत्वपूर्ण मेहमान डॉ. जीएस पटनायक, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, सेंट जेवियर्स चेन ऑफ स्कूल्स , श्रीनिवास मड्डी अध्यक्ष, बेवरेज कॉर्पोरेशन छत्तीसगढ़, संजय पांडे, महापौर जगदलपुर, सेवक नेताम, पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष भाजपा कोंडागांव नरपति पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, जसकेतु उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, दीपेश अरोड़ा, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य तीरंदाजी संघ, मनोज जैन , कुलवंत चहल, अध्यक्ष भाजपा नगर, अनिल अग्रवाल, जिला महामंत्री भाजपा, अंकुश जैन, जितेन्द्र सुराना, बंटी नाग, शुभम संचेती, इसके अतिरिक्त, अभिभावकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक निलेश मसीह एवं अंचल तिवारी तथा छात्र-छात्राएं मोनाली और याचिका ने किया। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्य अनीश सिंह ने विद्यार्थियों के साथ प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन सुश्री इंदरजीत कौर द्वारा किया गया।





## पेज 11 के शेष

### उपमुख्यमंत्री ने लालबाग...

डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, सीसीएफ आलोक तिवारी एवं स्टायलो मण्डावी, सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण और अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### झांकी में दिखी...

फिशिंग, हैकिंग और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें का मूल मंत्र दिया गया, जो दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना रहा । प्रतियोगिता में आदिवासी विकास विभाग ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिसने बस्तर पंडुम 2026 थीम के माध्यम से बस्तर की आदिम संस्कृति को जीवंत कर दिया। इस झांकी के अग्रभाग में ग्राम देवी की प्रतीक माता डोली को पालकी के रूप में सजाया गया था और पारंपरिक वेशभूषा व आभूषणों से सुसज्जित आदिवासियों को उत्सव मनाते हुए दिखाया गया। झांकी के साथ चल रहे कलाकारों द्वारा किए गए बस्तर की पारंपरिक लोक नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीसरे स्थान के लिए इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें वन विभाग और जेल विभाग संयुक्त रूप से विजेता घोषित किए गए। वन विभाग ने लामनी पार्क बस्तर की नई पहचान थीम के जरिए प्रकृति प्रेम और साहसिक पर्यटन को प्रदर्शित किया, जिसमें ब्लू एंड गोल्ड मकाऊ जैसे दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण और एडवेंचर पार्क की गतिविधियों को खूबसूरती से उकेरा गया था। वहीं जेल विभाग ने अपनी झांकी के जरिए समाज की सोच बदलने का प्रयास किया। उनकी थीम जेल सजा नहीं, सृजन से सुधार एवं पुनर्वास थी, जिसमें यह दर्शाया गया कि जेल अब केवल सजा का स्थान नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की प्रयोगशाला है, जहाँ कैदी काष्ठ शिल्प, सिलाई और ऑफसेट प्रिंटिंग जैसे हुनर सीखकर मुख्यधारा में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। नगर पालिक निगम ने हर घर दस्तक अभियान के तहत स्वच्छता और कचरा पृथक्करण (गीला और सूखा कचरा) के प्रति जागरुकता फैलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह एक सामाजिक बुराई विषय को उठाकर बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण की वकालत की। जल संसाधन विभाग ने मटनार बैराज परियोजना का मॉडल प्रस्तुत किया, जो बिना किसी विस्थापन के लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से बस्तर के खेतों में हरियाली लाने के लिए संकल्पित है।

### पुरानी मांगों को...

साबित हुई। जगदलपुर सहित जिलेभर के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शटर डाउन रहे। सुबह से ही ग्राहक बैंकों के बाहर पहुंचते रहे लेकिन बंद दरवाजों ने उनकी परेशानी और नाराजगी दोनों को बढ़ा दिया।बैंकों की हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और पेंशनधारकों पर पड़ा। नकद निकासी न होने से छोटे व्यापारियों का दैनिक कारोबार प्रभावित हुआ। वहीं पेंशन और सामाजिक सहायता राशि निकालने आए बुजुर्गों को खाली हाथ लौटना पड़ा। चेक क्लियरेंस, ड्राफ्ट, ऋण स्वीकृति, जमा-निकासी खाते से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों का काम पूरी तरह ठप रहा। कई लोग मजबूरी में एटीएम की ओर दौड़े, लेकिन सीमित नकदी और तकनीकी बाधाओं ने वहां भी राहत नहीं दी।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया ध्वजारोहण



**भोण्ड।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जगदलपुर स्थित निवास स्थल में विधायक लखेश्वर बघेल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया और उपस्थित जनों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। विधायक बघेल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। इस दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, दिनेश यदू, रमेश माधवानी, एम. वेंकट राव,कमल किशोर दुबे, विपिन तिवारी,वीरेंद्र कश्यप, जागेंद्र जीराम, तुलसीराम ठाकुर, मनीष पांडे, गोविंद सोनी, अजय कुमार, सौरभ मंडल, एवं समस्त ऑफिस स्टाफ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय में मना गणतंत्र दिवस



**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा में गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण से किया। इसके पश्चात सभी उपस्थित सभी लोगो नेराष्ट्रगान का गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कक्षा 9वीं की छात्रा प्रियंका अतरा ने संविधान की उद्देशिका का सस्वर वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट ने अनुशासन, एकता एवं साहस का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसका मार्गदर्शन शुभम संगवान एवं छाया सिन्हा ने किया। स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों एवं दर्शकों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कुलदीप सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में संविधान, कर्तव्यबोध, शिक्षा की भूमिका तथा युवाओं की राष्ट्रनिर्माण में सहभागिता पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन सपना भोयर एवं हर्षिता द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्राओं ने आजादी थीम नृत्य, देशभक्ति थीम एक्ट, हंगर थीम नृत्य, सेव ट्री थीम नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता, पिरामिड प्रदर्शन सहित विविध एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

### कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में फहराया तिरंगा



**बीजापुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान गाया गया तत्पश्चात वंदेमातरम का सामूहिक गायन भी हुआ। कलेक्टोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, नारायण प्रसाद गवेल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संविधान से संकल्प तक गणतंत्र भारत का गौरवशाली उत्सव

# जिला मुख्यालय में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा







गणतंत्र दिवस समारोह जिला मुख्यालय के स्थान हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने हायर सेकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में आयोजित

- बहुरंगी लोक नृत्यों एवं मनमोहक लोक गीतों ने गणतंत्र दिवस समारोह में लगाए चार चांद

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव तथा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के साथ ली गयी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन एवं गुब्बारे एवं शान्ति के प्रतीक कबूतर आकाश में छोड़े गये। इस दौरान रस्मी परेड में शामिल सशस्त्र बल की टुकड़ियों ने तीन बार हर्ष सूचक फायर कर राष्ट्रीय तिरंगे तथा मुख्य अतिथि को राष्ट्रगान की धुन बजाई गयी। मार्च पास्ट में शामिल टुकड़ों में शामिल 111 वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 9 वीं वाहिनी छ.ग.सशस्त्र बल, पुलिस बल जिला, महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, एनसीसी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्काउट हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा के साथ ही आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैंड पार्टी के राष्ट्र धुन पर कदम से कदम मिलाकर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने मार्च पास्ट के पश्चात परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह छात्र-छात्राओं के बहुरंगी मनमोहक सामूहिकलोक नृत्यों एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शन ने आज संपन्न हुए गणतंत्र दिवस समारोह में चार चांद लगा दिए। छात्र-छात्राओं के प्रस्तुतियां में संस्कृति एवं एकता का समावेश रहा। समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति एवं लोकगीतों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, एवं जनप्रतिनिधिगण सहित जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, वनमंडलाधिकारी रंगानाधा रामाकृष्णा वाय, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि और अर्धसैनिक बलों के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक, महिलाएं और बड़ी संख्या में शालेय छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनएमडीसी बचेली में परियोजना प्रमुख ने फहराया झंडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली



गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। परियोजना के केवी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक ने झंडा फहराया एवं परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर परियोजना में स्थित विभिन्न विद्यालयों की ओर से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। सभी विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत समूह नृत्य और पीटी प्रस्तुत किया। साथ ही महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए।

मुख्य महाप्रबंधक कोडाली ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एनएमडीसी बचेली की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में पर्यावरण हितैषी खनिज के रूप में एनएमडीसी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी एनएमडीसी अपने उत्पादन और सीएसआर प्रकल्पों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी।

इस कार्यक्रम में बीआईओएम बचेली के विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के पदाधिकारी, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बचेली नगर वासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा



अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित राज्य का अंतिम ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्यालय में संचालित एक दर्जन से अधिक

- अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि नेताओं ने किया नगर के प्रमुख स्थानों में ध्वजारोहण

आश्रम छात्रावासों में संस्था प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण कर नगर में प्रभात फेरी निकाली। तो वहीं ब्लॉक के जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने डिप्टी कलेक्टर सुमीत ध्रुव व विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों एवमं जनपद उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। अंबेडकर चौक में वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव ने तो वहीं थाना परिसर में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रजत नाग ने ध्वजारोहण किया और शहीद आकाश राव गिरपूंजे सहित अन्य शहीदों के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित पुष्प अर्पित कर थाना परिवार भाजपा नेताओं के साथ श्रद्धांजली दी ।

राजीव गांधी मंच में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उस्मान अली आत्मानंद स्कूल में प्रिंसिपल बी एल ओरसा बस स्टैंड परिसर में मौजूद भारत माता प्रतिमा परिसर में पार्षद सेमल कुमारी अटल चौक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी खंड शिक्षा कार्यालय में बीईओ श्रीनिवास राव बीआरसी कार्यालय में वीरभद्र राव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. दीपेश कुमार चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष मौसम जया सीएमओ झम्मन लाल साहू जय स्तंभ चौक में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पांडेय शिशु मंदिर में महिला शक्ति वन विभाग के उप वन मंडल कार्यालय में एसडीओ अशोक सोनवानी परिक्षेत्र कार्यालय गोलापल्ली में रेंजर एच प्रसाद राव किस्टाराम रेंज कार्यालय में रेंजर ईश्वर बघेल कोंटा रेंज कार्यालय में रेंजर महेश पासवान कन्या हायर सेकेंडरी में प्राचार्य एस के दीप ने तो वहीं राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी चौक में उस्मान अली ने ध्वजारोहण किया नगर के सभी शासकीय कार्यालय एवमं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण पश्चात वनांचल क्षेत्र व नगर के अध्ययनरत बच्चों ने जय कारों के साथ अपने अपने गुरूजनों के साथ अंतिम ध्वजारोहण कार्यक्रम एसडीएम कार्यालय एवमं तहसील कार्यालय पहुंचे । सभी विभागीय अधिकारीगण एवमं राजनितिक दलों की नेताओं की उपस्थिती में एसडीएम सुभाष शुक्ला ने ध्वजारोहण कर सलामी ली और 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं अंतिम तहसील कार्यालय में तहसीलदार गिरीश निंबलकर ने ध्वजारोहण किया।

### झांकियों में वन विभाग को मिला प्रथम स्थान



**दंतेवाड़ा।** वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में विभागों के द्वारा प्रदर्षित झांकियों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पोटाली आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन, आदिवासी विकास विभाग आदि सेवा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग द्वारा नियद नेल्लानार ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र, पशुधन विकास विभाग द्वारा गौधाम योजना, शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ेम दंतेवाड़ा बढ़ेम दंतेवाड़ा और वन विभाग द्वारा इको-टूरिज्म पर, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना, जिला पंचायत से दंतेवाड़ा की नायिकाएं लखपति दीदीया, क्रेडा विभाग द्वारा अक्षय उर्जा थीम आधारित नयनाभिराम झांकियां प्रदर्शित की गयी। इस प्रकार इनमें उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कृत करने के क्रम में वन विभाग की झांकी को प्रथम स्थान मिला।

## रोमांचक मुकाबले में बचेली कड़क क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली



केंद्रीय विद्यालय मैदान में आयोजित नॉक आउट कप बीसीएल सीजन-2 का खिताब कड़क क्रिकेट क्लब ने अपने नाम कर लिया। 8 जनवरी से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कड़क क्रिकेट क्लब ने नकुलनार टीम को सुपर ओवर में हराकर विजेता का ताज हासिल किया। मैच में अंत तक चली कड़ी टक्कर और सुपर ओवर का रोमांच दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहा।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बचेली की टीम (कड़क क्रिकेट क्लब) मात्र 55 रन पर ऑलआउट हो गई। इस कम स्कोर के बाद मैच एकतरफा लग रहा था और दर्शकों में निराशा छा गई थी। लेकिन कड़क क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को अंतिम गेंद तक खींच ले गए । वहीं आखिरी गेंद पर नकुलनार को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे। नकुलनार के खिलाड़ी रिशु ने उस गेंद पर छक्का जड़कर स्कोर बराबर कर दिया और मैच ड्रॉ करवा दिया।

इसके बाद सुपर ओवर में नकुलनार की टीम केवल 5 रन ही बना सकी। जवाब में कड़क क्रिकेट कप ने मात्र 3 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 50,000 रुपये नकद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 30,000 रुपये नकद और शील्ड प्रदान की गई। साथ ही टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी वितरित किए गए, जिनमें बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैटर, बेस्ट फील्डर और मैन ऑफ द सीरीज जैसे अवॉर्ड शामिल थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, एनएमडीसी के कार्मिक विभाग अधिकारी राकेश रंजन, जितेंद्र चौधरी, नीलेश पाटले, सूरज जायसवाल मौजूद रहे। पार्षद हरीश शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए सभी मैचों में निष्पक्ष और बेहतरीन फैसले लिए।

यह टूर्नामेंट स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय रहा और खिलाड़ियों ने कम स्कोर वाले फाइनल में भी कमाल का जज्बा दिखाया। कड़क क्रिकेट क्लब की इस जीत से बचेली क्षेत्र में क्रिकेट का जोश और बढ़ गया है।

# मुख्य अतिथि ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल



फुटबॉल ग्राउंड में देश का 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक तथा राजेश संधू परियोजना के वरिष्ठ कर्मचारी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने सीआईएसएफ जवानों, एनसीसी कैडेट एवं स्कूल छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने देश के विकास में एनएमडीसी द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। परियोजना कर्मचारियों से उत्पादन-उत्पादकता के कीर्तिमान हासिल करने की अपील एवं सीएसआर के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों को भी बताया तथा परियोजना की क्वालिटी सर्किल टीमों को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने बेस्ट वर्कर्स अवार्ड और खेलकूद के पुरस्कार प्रदान किए। परियोजना विद्यालय द्वारा एकता गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यामंदिर स्कूल एवं भारतमाता स्कूल, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा केवीएस, डीएवी, प्रकाश विद्यालय एवं बीआईओपी स्कूल द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां की गई। समारोह के दौरान आनंद मेला का आयोजन भी हुआ, जिसमें विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक संघों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं जिसका आमजनों ने व्यंजनों का आनंद लिया।

## 241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों ने 77 वां गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमांडेंट 241 बटालियन ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई तथा देश की आन-बान एवं शान के लिए रणबाकुरो के शहादत एवं उनके कर्तव्य को आत्मसात करते हुए देश प्रथम की भावना को संकल्पित किया गया। समारोह के दौरान कमांडेंट ने उपस्थित सभी अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस भावुक क्षण में देश की अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को भी याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पिछले वर्ष के दौरान विविध पदकों से अलंकृत किए गए मरणोपरांत एवं सेवारत अधिकारियों एवं कर्मियों के नाम को सभी जवानों को सुनाया गया एवं प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जवानों को कमांडेंट 241 बटालियन की तरफ से मिठाई वितरित किया गया। संध्या काल में अंतर समवाय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया है। अन्य सैनिक भोजनालय में बड़ा खाना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला उप कमांडेंट,डॉक्टर बृजेश कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमांडेंट,विनोद कुमार शर्मा सहायक कमांडेंट अधीनस्थ अधिकारीगण जवान उपस्थित रहे।



## पुनर्वासित युवाओं ने गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम को देख हुए उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में इस वर्ष एक भावनात्मक और प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जब पुनर्वासित युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वर्षों तक नक्सली हिंसा से जुड़े रहे ये युवा पहली बार लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस गरिमामय राष्ट्रीय पर्व का साक्षी बने और समारोह को देखकर अभिभूत नजर आए।

मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं ने देश के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का जीवंत अनुभव किया। उनके लिए यह अवसर न केवल एक उत्सव था, बल्कि जीवन की नई दिशा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक भी बना।

केन्द्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में मार्च 2026 तक सशस्त्र माओवाद के पूर्ण उन्मूलन के संकल्प के अनुरूप, छत्तीसगढ़ शासन की आकर्षक एवं प्रभावी पुनर्वास नीति के तहत इन युवाओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताते हुए आत्मसमर्पण किया है। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समारोह में शामिल होकर उन्होंने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोहंडीगुड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर लोहंडीगुड़ा विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 77 वें गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप मंत्र के साथ किया गया एवं ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाकर और नारा लगाया गया । इस कार्यक्रम में सभी ग्रामवासी, अभिभावक, विद्यालय समिति के रामप्रसाद पाण्डे, तुलसी सिंह ठाकुर, सरोज दास एवं प्रधानाचार्य हेमलता ठाकुर, बसंती यादव, उमेश्वरी पटेल, टंकेश्वरी कश्यप, सुमित्रा नाग उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रशासनिक भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**जगदलपुर।** शहर के गीदम रोड स्थित विद्युत कंपनी के प्रशासनिक भवन परिसर में कंपनी के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, विद्युत कंपनी संभाग जगदलपुर (ग्रामीण) के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सतर्कता के कार्यपालन अभियंता अमर भगत, स्टोर के ईई सुदीप खेस आदि शामिल रहे।

### लोनिवि में फहराया तिरंगा



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर क्रमांक-एक में कार्यपालन अभियंता आरके बतरा ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान एसडीओ, उपयंत्री सहित सहित अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

### राजीव भवन में ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजीव भवन व गोलबाजार चौंक गांधी प्रतिमा के समक्ष हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों व कार्यकतार्ओं की उपस्थिति में अध्यक्ष सुशील मौर्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार झा के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, प्रेमशंकर शुक्ला, मनोहर लूनिया, संतोष यादव, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कविता साहू, आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार भवन में शान से लहराया तिरंगा




**जगदलपुर।** गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर बस्तर जिला पत्रकार संघ के नयापारा स्थित भवन में पूरे हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार और अन्य लोग मौजूद थे।

देशभक्ति और उल्लास के रंग में रंगा बीजापुर, गरिमामय समारोह के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

# मुख्य अतिथि केदार कश्यप ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया। जहां छत्तीसगढ़ शासन के वन तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तपश्चात मुख्य

- **मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली और परेड का किया निरीक्षण**

अतिथि ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

समारोह के दौरान उत्साह और उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। मुख्य अतिथि ने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन तथा वंदे मातरम् का सामूहिक गायन भी किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यायाम प्रदर्शन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की गईं।

परेड प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल ने प्रथम स्थान, सीआरपीएफ ने द्वितीय स्थान एवं जिला पुलिस बल (महिला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में गाइड प्रथम, एनसीसी द्वितीय एवं एनएसएस तृतीय स्थान पर रहे। विभागीय झांकियों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रथम, वन विभाग को द्वितीय तथा स्वास्थ्य विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बीजापुर प्रथम, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर द्वितीय एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मांझीगुड़ा तृतीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिकगण एवं मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में गरिमामयी उपस्थित रही।

## वन विभाग ने तुलसी डोंगरी पर लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



77 वें गणतंत्र अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों ने बस्तर जिले के तुलसी डोंगरी पर तिरंगा लहराया। तुसली डोंगरी जिले की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है, जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 1190 है। पहले इस क्षेत्र में नक्सलियों का दबदबा हुआ करता था, पर आज यह क्षेत्र पूरी तरह से नक्सलियों के चंगुल से मुक्त होकर विकास एवं संवर्धन के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर वन मण्डलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश पर चित्रकोट के उप वन मण्डलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे के नेतृत्व में उप वन मण्डलाधिकारी जगदलपुर देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट प्रकाश ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी (प्रशिक्षु एसीएफ) दरभा शिवेंद्र सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी कोलेंग बुध राम साहू, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल क्षितेश ठाकुर एवं अधीनस्थ वन आमला द्वारा पहाड़ में चढ़ाई कर चोटी पर तिरंगा लहराया गया।

## अलनार में गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अलनार के संयुक्त तत्वावधान में 76वां गणतंत्र दिवस गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत वातावरण में मनाया गया।

प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों के साथ राष्ट्रीय एकता एवं जागरूकता का संदेश दिया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ औपचारिक समारोह का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक नृत्य, संस्कृत कार्यक्रम, नाट्य प्रस्तुति, कविता-पाठ एवं प्रेरणादायी भाषणों के माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति, संविधान की महत्ता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। समारोह में डॉ. बसंत कश्यप उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य लैखन राम बघेल ने की। इस अवसर पर अलनार के नागरिक तुलु राम कश्यप उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सेजेस करीतगांव में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव (सेजेस) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाया गया। सुबह 7 बजे प्रभात

- **प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम से छाया उत्साह**

फेरी निकली। जिसमें विद्यालय के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के उद्घोष से पूरे गांव में देशभक्ति का संचार कर दिया। एस.एम.डी.सी सदस्य पुरुषोत्तम जोशी और समाज सेवक तुलसीराम गोयल शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर भारत माता और वीर शहीदों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और ध्वजारोहण किया।

प्रांगण सांस्कृतिक रंगों और देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा। कक्षा पहली की नन्ही छात्रा विभा पटेल ने एकल गीत प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया, वहीं कक्षा चौथी के आयुष एवं समूह और कक्षा 5वीं व 7वीं की कु. धनेंद्री व उनके समूह ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कक्षा 9वीं की छात्रा कु. डिंपल पांडे ने अपने एकल देशभक्ति गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि इसी कक्षा की कु. राधिका नाग, कु. चांदनी बेसरा और उनके समूहों ने गीतों और नृत्यों की शानदार छटा बिखेरी। कार्यक्रम में बस्तर की संस्कृति की झलक भी देखने को मिली जब कक्षा 11वीं के हेमंत कश्यप, कु. कामिनी भारती और समूह ने जोश से भरा देशभक्ति आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की कु. निर्मला व कु. डालेश्वरी और कु. पूनम ठाकुर के समूह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। देशप्रेम के विचारों को वाणी देते हुए कक्षा 10वीं की छात्रा कु. मोनिका कश्यप और कु. रोशनी नाग ने ओजस्वी भाषण दिए।

मंच संचालन व्याख्याता राजेंद्र कलिहारी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य मोनिता पानिग्राही ने कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की, एनएसएस इकाई के सहायक कार्यक्रम अधिकारी वाणी हुमने व लोकेश निषाद सहित स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।




### आदिवासी विकास विभाग कर्मचारी का सम्मान

**जगदलपुर।** 26 जनवरी को लालबाग पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कलेक्टरेट के आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी रेहाना राव को उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



### गणतंत्र दिवस पर विद्युत कंपनी के 8 कर्मचारियों का सम्मान

जगदलपुर। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के 8 कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया गया। इस दौरान ईडी सहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम आदि शामिल रहे। इसमें से सहायक अभियंता (परियोजना) उप संभाग जगदलपुर लाईन सहायक श्रेणी-दो यशवंत कुमार साहू कर्मचारी द्वारा सुकमा जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम दुलेड, पूवर्ति, अलमागुड़ा, गुदराजपाड़ इत्यादि में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत विद्युतिकरण कार्य का निरीक्षण एवं मापन किया गया। कर्मचारी द्वारा उप संभाग अंतर्गत चलने वाले निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरिक्षण कर कार्य में पाई जाने वाली त्रुटियों को निराकृत करवाया जाता है। निर्माण कार्य में कम्पनी द्वारा प्रदत की जाने वाली सामाग्रीयों को ठेकेदार को समय पर उपलब्ध कराने में कर्मचारी का विशेष योगदान रहता है। तब भी जबकी संबंधित सामाग्री स्थानीय भण्डार में उपलब्ध न होने के कारण कम्पनी के किसी अन्य भण्डार से आहरण करना हो। विद्युत कंपनी लाईन सहायक श्रेणी-दो रतन कुमार साना, राजीव मिश्रा कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, खगेश कुमार उसेण्डी, परिचारक श्रेणी-एक, सुदेश कुमार साहू कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन, बी. मोहन राव, लाईन सहायक श्रेणी-एक, लेखेन्द्र कुमार साहू कार्यालय सहायक श्रेणी-दो को सम्मानित किया गया। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि कार्य में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। इसलिए अधिकारी, कर्मचारी बेहतर कार्य करें।

## पोटानार स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटानार में 76वां गणतंत्र दिवस हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रद्धा सोनी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद

- **विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी**

पंचायत उपाध्यक्ष पद्मनी कश्यप उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनसे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। पद्मनी कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, शिक्षा और नैतिक मूल्यों को अपनाकर देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे।

प्राचार्य श्रद्धा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सशक्त आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और देशप्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों का विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच एवं अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा विद्यालय के अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेल में शामिल होकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र का भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

## उत्कल समाज भवन में गणतंत्र दिवस देशभक्ति के रंग में रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





उत्कल समाज भवन में ध्वजारोहण अध्यक्ष राजेश दास द्वारा किया गया। देशभक्ति संध्या के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद

- **ध्वजारोहण से सांस्कृतिक संध्या तक, समाज की एकजुटता बनी आयोजन की पहचान**
- **समाज भवन के विस्तार के लिए विधायक निधि से 10 लाख की घोषणा**

निर्मल पानीग्राही का विशेष योगदान रहा। आयोजन की जानकारी सचिव सुमित महापात्र ने दी तथा समापन पर आभार व्यक्त किया।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उत्कल समाज बस्तर संभाग द्वारा उत्कल समाज भवन में गरिमामय वातावरण के बीच ध्वजारोहण एवं देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नवनिर्मित एवं रिनोवेटेड समाज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा साथी एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सुबह ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ,जबकि संध्या को आयोजित देशभक्ति सांस्कृतिक संध्या ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। समाज के बच्चों एवं सदस्यों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य व गायन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने उत्कल समाज भवन के प्रथम तल के स्लैप निर्माण हेतु विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस घोषणा से समाज भवन के विस्तार एवं भविष्य की गतिविधियों को नई मजबूती मिली। आयोजन के दौरान प्रतिभागी बच्चों एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### एलआईसी कार्यालय में ध्वजारोहण

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विजय तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी देकर अधिकार और कर्तव्य पर संबोधन दिया। वरिष्ठ अधिकारी थामस फिलीप, एबीएम विकास कुमार पांडे, प्राचार्य बेनर्जी, स्वर्णीम कुमार समेत विकास अधिकारी तथा अभिकर्तागण मौजूद रहे। ध्वजारोहण पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं का सम्मान और पुरस्कृत किया गया।



### केवरामुंडा स्कूल में पार्षद ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस पावन पर्व पर मुख्य अतिथि महेंद्र कर्मा वार्ड के पार्षद रौशन सिसोदिया एवं पूर्व पार्षद दिगम्बर राव की अध्यक्षता में ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य केतन महानंदी ने गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस आयोजन में शामिल प्राथमि, माध्यमिक विद्यालय कुम्हारपारा एवं शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति उत्साह के साथ दी। उन्होंने देश भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों को आमंत्रित कर सम्मान किया गया। पार्वती सोनी, शुभ्रा कुंडू, राजेंद्र सिंह चौहान ने अपने विचार एवं शुभकामनाएं देकर बच्चों को निरन्तर पढ़ाई पर ध्यान देने हेतु प्रोत्साहित किया। चौहान सर के द्वारा शाला के प्रतिभावान बच्चों को पुरुस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों का सम्मान शाल भेंट कर किया। 82 वर्ष के इस पड़ाव में भी चौहान सर समाज में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बालकृष्ण श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में छात्र, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देकर परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने का आशीर्वाद दिया। सभी ने अपने उद्बोधन में बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शाला की प्राचार्य भगवती साहू ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता इन्द्र कुमार झा ने किया।

### ग्राम गढ़िया में सरपंच ने फहराया तिरंगा



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर सरपंच भरत कश्यप ने गांव के सम्मानित लोगों के साथ तिरंगा झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत अवसर है हम सबके लिए गौरव का दिन है। हमारे सरकार के नेतृत्व में पूरी दुनिया देश की उपलब्धि देख रही है। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और माता के बिना भविष्य नहीं बनाया जा सकता। हम सबको मिलकर देश को और आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर पंचगण, ग्रामीणजन महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


